

# घंटों मशक्कत के बाद गंभीर एनीमिक मरीज को मिल पाया खून

## एक्सचेंज में रक्त देने के बावजूद भी घंटों भटकने को मजबूर रहे परिजन

**नवभारत न्यूज**

**सतना 4 फरवरी. थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त देने के मामले को लेकर सवालों के घेरे में आने के बाद जिला चिकित्सालय के रक्त कोष के प्रभारी से लेकर टेक्नीशियन तक के निलंबन की कार्रवाई कर दी गई थी.**

लेकिन इसके बावजूद भी रक्त कोष में पदस्थ मौजूदा अमले की कार्यशैली में कोई सुधार होता नजर नहीं आ रहा है. रक्त कोष की संवेदनहीन कार्यशैली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गंभीर एनीमिया से पीड़ित महिला को 1 युनिट रक्त उपलब्ध कराने में 8 घंटे से अधिक का समय लग गया.

मैहर जिले के चकेरी चोरहटा निवासी वीरेंद्र कुमार केवट की 25 वर्षीय पत्नी रन्नो केवट पिछले 3 दिनों से मैहर के सिविल अस्पताल में उपचाररत है. उपचार करने वाले चिकित्सक डॉ. आर एन पाण्डेय के अनुसार महिला मरीज सीवियर एनीमिक है. लिहाजा उसे कम से कम 3 युनिट रक्त चढ़ाए जाने की आवश्यकता महसूस हुई. चूंकि मैहर सिविल अस्पताल में ए पॉजिटिव रक्त उपलब्ध नहीं था. लिहाजा महिला के पति वीरेंद्र को जिला चिकित्सालय में स्थित रक्त कोष से रक्त प्राप्त करने के लिए भेजा गया. इस संबंध में सिविल अस्पताल मैहर से जिला चिकित्सालय सतना स्थित रक्त कोष में फोन के माध्यम से पूर्व सूचना भी दे दी गई. जिसके चलते बुधवार की सुबह 10 बजे वीरेंद्र सतना स्थित रक्त कोष में पहुंच गया और कागज दिखाते हुए रक्त की मांग की. वहां पर तैनात कर्मचारियों ने कागज देखते ही एक्सचेंज के लिए डोनर की मांग सामने रख दी. लिहाजा वीरेंद्र के साथ आए व्यक्ति ने



फौरन ही एक्सचेंज के अंतर्गत अपना रक्त दे दिया. लेकिन इसके बाद जब वीरेंद्र को रक्त देने की बारी आई तो वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने उसे घुमाना शुरु कर दिया. हर बार आधे घंटे की मोहलत मांगते हुए कई घंटे गुजार दिए गए. चंकि वीरेंद्र की पत्नी को तत्काल रक्त चढ़ाए जाने की आवश्यकता थी. लिहाजा समय बीतने पर वह परेशान होने लगा. वीरेंद्र ने बार बार अपनी पत्नी की गंभीर बीमारी का हवाला देने का प्रयास किया.

लेकिन कर्मचारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी. इस दौरान रक्त कोष से कई अन्य लोगों को रक्त दिया जाता देख वीरेंद्र ने प्रश्न भी किया. लेकिन कर्मचारियों ने यह कहते हुए उसे चुप करा दिया कि जिस ग्रुप का रक्त उसे चाहिए वह फिलहाल उपलब्ध नहीं है. इतना ही नहीं बल्कि कई बार रक्त की मांग करता देख कर्मचारियों ने उससे साफ कर दिया कि अब रक्त नहीं मिलेगा. हलांकि मीडिया के दखल के बाद कर्मचारी बैकफुट में आ गए और रक्त देने को राजी हो गए. लेकिन इसके बावजूद भी आधे-आधे घंटे तक टरकाते हुए पूरा दिन बिता दिया गया.

श्राम के लगभग 6 बजे के बाद किसी तरह वीरेंद्र को 1 युनिट रक्त मिला. जिसे लेकर वह फौरन मैहर के लिए रवाना हो गया. जहां पर उसकी पत्नी को रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया शुरु हो सकी.

### भटकाने की पुरानी कार्यशैली

गंभीर एनीमिक मरीज को पहले होल ब्लड चढ़ाया जाता था. लेकिन बदली हुई व्यवस्था के अंतर्गत प्लेटलेट्स और प्लाज्मा जैसे कंपोनेंट्स को अलग कर दिया जाता है. लिहाजा अब गंभीर एनीमिक मरीज को गाढ़ा पीआरबीसी चढ़ाया जाता है. इस पूरी प्रक्रिया में अधिकतम 3 घंटे का समय लग सकता है. लेकिन इसके लिए रक्त कोष के कर्मचारियों द्वारा मरीज के परिजनों को 1 से 2 दिन तक भटकाया जाता है. इतना ही नहीं बल्कि कई बार तो परिजनों को घंटों इतजार कराने के बाद यह कहकर बैरंग लौटा दिया जाता है कि एक्सचेंज में मिले ब्लड में गड़बड़ी पाई गई है. रक्त के लिए मरीज के परिजनों को बेवजह भटकाने के पीछे की वजह भी वही बताई जाती है जिसके लिए यहां की कार्यशैली वर्षों से कुख्यात रही है. लिहाजा यदि रक्त मिलने में हुई देरी के चलते किसी मरीज के साथ कोई अनहोनी हो जाए तो उसका जिम्मेदार किसे माना जाए.



# सीएमएचओ ने किया सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 फरवरी. सीएमएचओ डॉ मनोज शुक्ला बुधवार को अचानक सिंविल अस्पताल अमरपाटन पहुंचे। जहां पर उन्होंने अस्पताल के सभी विभागों का औचक निरीक्षण किया।**

इस दौरान सीएमएचओ ने ड्यूटी में तैनात स्टॉफ से मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल जाना। इसी कड़ी में उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से अस्पताल में मिलने वाले मुफ्त ईलाज व उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही सीएमएचओ द्वारा डॉक्टर व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने उचित दिशा निर्देश दिए गए । इस दौरान बीएमओ डॉ आर के सतनामी , सिंविल अस्पताल प्रभारी डॉ हिमांशु पांडेय , सीनियर डॉ आर के तिवारी , डॉ भीम गोपाल सिंह भदौरिया, डॉ सुशील गुप्ता , डॉ सुंदरम द्विवेदी , डॉ नुरुल हसन , डॉ जे पी त्रिपाठी, बीपीएम के बी नामदेव समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईएसबीटी को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

## सुगम यातायात के लिए दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**सतना 04 फ़रवरी. शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और नवनिर्मित इंटरस्टेट बस टर्मिनल ( आईएसबीटी ) के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने अधिकारियों की बैठक ली।**

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस सुगम यातायात के लिए आवश्यक सुझाव दिये। आईएसबीटी बस स्टैण्ड से संचालित होने वाली बसों के रूट निर्धारण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बसों के रूट इस तरह तय किए जाएं, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिले और शहर के भीतर यातायात का दबाव कम हो। कलेक्टर ने नगर निगम, पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग मिलकर व्यवस्था बनाएं, ताकि आईएसबीटी का संचालन प्रभावी ढंग से हो सके। इसके साथ ही आईएसबीटी परिसर में यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी ध्यान दें। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम राहुल सिलाडिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, आरटीओ संजय श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि रीवा, अमरपाटन, मैहर रूट की बसों का संचालन आईएसबीटी से किया जा रहा है। अन्य रूटों की बसों का संचालन आईएसबीटी से करने में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों के संबंध में बस ओनर्स और स्टेक होल्डर, यात्रियों से अभ्यावेदन 6 फ़रवरी तक लिखित में आमंत्रित किये जा रहे हैं। निर्धारित तिथि तक प्राप्त अभ्यावेदन परीक्षण के लिए अपर कलेक्टर का अध्यक्षता में गठित समिति में रखे जायेंगे। समिति इनका परीक्षण कर अपने अभिमत के साथ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विचारो परांत निर्णय के लिए रखेगी।

# पुष्पराज कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर धंसा वाहन

## सीवर लाइन डाल बिना कांपैक्शन कर दी गई लीपापोती

**नवभारत न्यूज**

**सतना 4 फरवरी. शहर में सीवर लाइन बनाए जाने को लेकर एक ओर जहां कार्य करने वाली ठेका कंपनी की बेपरवाह कार्यशैली पर कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है, वहीं दूसरी ओर इसका खामियाजा भुगतत-भुगतते आम जन त्राहि-त्राहि करने लगा है.**

ताजा मामला पुप्पराज कालोनी के मुख्य मार्ग का सामने आया. जहां पर सीवर लाइन डालने के बाद बिना कांपैक्शन के लीपापोती किए जाने के चलते



एक मालवाहक उसमें फंस गया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार हास्पिटल रोड से पुष्पराज कालोनी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सीवर लाइन बिछाने का कार्य पिछले 4 दिनों से चल रहा था. उक्त मार्ग पर मुश्किल से 300 मीटर तक पाइप लाइन बिछाने में संबंधित ठेकेदार को 4 दिन का समय लग गया. हलांकि 4 दिन तक मुसीबत झेलने के बाद बुधवार को जब काम पूरा होता दिखाई दिया तो रहवासियों ने राहत की सांस ली. लेकिन रहवासियों को मिली राहत कुछ देर तक ही रही. क्योंकि कुछ देर बाद ही वहां से गुजर रहा एक मालवाहक का अगला पहिया चेंबर के निकट फंस गया. मालवाहक के फंस जाने के कारण मार्ग बाधित होने से रहवासियों की मुसीबत दोबारा शुरु हो गई. रहवासियों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा महज 300 मी. लाइन डालने में 4 दिन का समय लगा दिया गया. इतना ही नहीं बल्कि पाइप लाइन और चेंबर का काम पूरा करने के बाद केवल मिट्टी से ढंक कर उसके ऊपर डस्ट छिड़क दी गई.

मिट्टी डालने के बाद किसी तरह के कांफैक्शन की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई. जिसका नतीजा यह हुआ कि जरा सा दबाव पड़ते ही मिट्टी नीचे धसकने लगी. जिसके चलते वहां से गुजर रहा एक मालवाहक फंस कर रह गया. लिहाजा व्यवस्था के इस पहलू को स्थानीय रहवासियों ने स्मार्ट सिटी के साइड इफेक्ट के तौर पर बताने में देर नहीं लगाई.

### जन जागरूकता शिविर अबेर में पहुंचे कलेक्टर


**सतना 04 फ़रवरी.** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक डिजिटल उर्वरक वितरण व्यवस्था ई-विकास को लेकर सतना जिले में समिति स्तर पर जागरूकता शिविर आयोजित किये जा रहे है। कलेक्टर सतना डॉ सतीश कुमार एस ने बुधवार को रामपुर बघेलान क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जन जागरूकता शिविर अबेर में पहुंचकर किसानों को ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण की सुगम व्यवस्था की जानकारी दी।

# फिर सामने आया यूरिया की कालाबाजारी का वीडियो

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 फरवरी. जिले के कोठी कस्बे में एक बार फिर से खाद की कालाबाजारी का एक मामला सामने आया। बुधवार को एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें किसानों को निर्धारित मूल्य से लगभग दोगुने दाम पर यूरिया खाद बेची जा रही है।**

वायरल वीडियो में बताया जा रहा है कि 266 रुपए प्रति बोरी की



यूरिया खाद 500 रुपए में बेची जा रही है। यह मामला कोठी में संचालित एक प्रतिष्ठान से जुड़ा बताया जा रहा है। वीडियो में दुकान संचालक खुद खाद को 500 रुपए में बेचने की बात स्वीकार करता सुनाई दे रहा है। किसान किसानों का आरोप है कि खाद वितरण के लिए बनाए गए स्लॉट सिस्टम का पालन नहीं किया जा रहा है। इसके चलते जरूरतमंद किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है, जबकि खुलेआम कालाबाजारी जारी है। वर्तमान में गेहूं और अन्य फसलों के लिए खाद की भारी आवश्यकता है। किसान पहले से ही खाद की कमी और वितरण व्यवस्था में अव्यवस्था से जूझ रहे हैं।

ऐसे में कालाबाजारी की शिकायतों ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। कई किसानों का कहना है कि फसल बचाने के लिए उन्हें मजबूरी में अधिक दाम देकर खाद खरीदनी पड़ रही है।

# आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला है बजट : लोधी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 फरवरी. मप्र शासन के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी बुधवार को सतना पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए केन्द्रीय बजट 2026-27 की तारीफ की और इसे आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला बजट बताया।**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। केंद्रीय बजट



मध्यप्रदेश के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। पूंजीगत व्यय में वृद्धि, शहरों के विकास व लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम का विकास प्रदेश के लिए वरदान बनेगा। चार जातियों गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग, उद्यमियों और हर वर्ग के कल्याण व शक्तिकरण के लिए प्रावधान इस बजट में किए गए हैं। केंद्रीय बजट सिर्फ बजट नहीं है, यह विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का विजन डॉक्यूमेंट है।

### केन्द्र का मामला है...

धर्म नगरी चित्रकूट के एक सवाल का जबाव देते हुए राज्यमंत्री ने कहा, चित्रकूट की चिंता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कर रहे हैं। आने वाले समय में उप्र से भी अच्छा मप्र का क्षेत्र नजर आएगा। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में अतिक्रमण की मुझे जानकारी नहीं है। सीवरेज सिस्टम पर सवाल का जबाव देते हुए कहा कि काम जल्द ही पूरा होगा और वायदा करता हूं कि आने वाले समय में नदियों में गंदा पानी नहीं जाएगा। यूजीसी बिल पर उन्होंने कहा कि केन्द्र का मामला है। कोर्ट में मामला गया है किसी वर्ग को कोई दिक्कत ना हो, इसलिए जो सुधार किए जाने हैं वह किए जाएंगे।

### नेट बाल प्रतियोगिता में 25 वर्ष बाद मध्यप्रदेश को रजत पदक मिला



**सतना, 4 फरवरी.** शासकीय सांदीपनि उ मा वि में 69वीं राष्ट्रीय नेट बॉल प्रतियोगिता अंडर-14 नांदेड़ महाराष्ट्र में संपन्न हुई जिसमें मध्य प्रदेश को 25 साल के बाद नेटबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक मिला शासकीय संदीपनी स्कूल बगहा के कक्षा 9वीं के छात्र गीता प्रसाद यादव जिसने मध्य प्रदेश की टीम में गोल अटैकर की भूमिका निभा रहे थे उसने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मध्य प्रदेश टीम को रजत पदक जिताने में अपना बहुत योगदान दिया। संस्था के प्राचार्य रघुवंश प्रसाद मिश्रा, उप प्राचार्य भास्कर पांडे, खेल प्रभारी अरविंद द्विवेदी कोच सुभाष यादव व साजदा परवीन एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की है। यह सांदीपनि विद्यालय बगहा के लिये गौरव का पल है।

## एक नजर में



### लीनेस क्लब विंध्य का शपथ ग्रहण आयोजित

**सतना।** लीनेस क्लब विंध्य के शानदार शपथ ग्रहण समारोह में निर्वाचन अधिकारी रूप में लीनेस अंजू कटारे विशिष्ट अतिथि के रूप में एरिया ऑफिसर मनीषा सोई सोई एवं विशिष्ट स्थिति के रूप में ज्योति चौरसिया मीना अग्रवाल , सीमा अग्रवाल की गरिमा में उपस्थित रहीं। अध्यक्ष सुषमा गुप्ता सचिन काजल श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष नेहा जैन एवं बी ओ डी सदस्यो का शपथ ग्रहण हुआ।



### जिला कराते का 41वां स्थापना दिवस मना

**सतना.** आरपीएस मार्शलआर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी की मुख्य शाखा संडे एकेडमी स्कूल में जिले में मार्शलआर्ट्स का 41वां स्थापना दिवस मनाया गया। 40 वर्ष पूर्व 2 फरवरी 1986 के दिन ही जिले में मार्शलआर्ट्स के जनक स्वर्गीय शिहान रामायण प्रताप सिंह ने सतना में कराते की नींव रखी थी। कराते से शुरू करते हुए जिले ने कराते सहित विभिन्न मार्शल आर्ट्स में नए आयाम प्रस्तुत किए हैं।

### इन्फोकॉम में विद्यार्थियों का चयन

**सतना।** ए के एस विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026 में बीबीए एवं एमबीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनी इन्फोकॉम नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड (ट्रेड इंडिया) में उच्च एवं आकर्षक वेतनमान पर किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को गुजरात के अहमदाबाद स्थित कार्यस्थल पर नियुक्ति दी गई है। कंपनी द्वारा बीबीए उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सहायक प्रबंधक तथा एमबीए उत्तीर्ण विद्यार्थियों को संबंध प्रबंधक के पद पर नियुक्त किया गया है। इस चयन प्रक्रिया में आसिया खान, कपिल वर्मा, आफताब, पार्थ, प्रताप सिंह, धनराज कुशवाहा, अनुपम सिंह बघेल, करण सोनी, प्रिंस गुप्ता, विजय तिवारी, अनुरोध कुमार पांडे, हर्ष चतुर्वेदी, मोहम्मद अयान खान, नीलम पांडे, अंकित गर्ग, सुमित सेन, रोहित सिंह एवं हिमांशु कुशवाहा शामिल हैं।




# संसद में गूंजी सतना-चित्रकूट को रामायण सर्किट से जोड़ने की मांग

## सांसद गणेश सिंह ने उठाया रामायण संस्थान का मुद्दा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 फरवरी. भाजपा के वरिष्ठ सांसद एवं सतना लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि गणेश सिंह ने बुधवार को संसद में नियम 377 के तहत सतना-चित्रकूट क्षेत्र के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि सतना और चित्रकूट केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, संस्कृति और सनातन परंपरा के केंद्र हैं।**

सांसद श्री सिंह ने सदन को अवगत कराया कि यही वह पुण्यभूमि है, जहाँ भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के साढ़े ग्यारह वर्ष व्यतीत किए।



गोस्वामी तुलसीदास द्वारा वर्णित चित्रकूट आज भी रामकथा की जीवंत साक्षी है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में रामायण सर्किट की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है, जिसमें अयोध्या का भव्य विकास एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इसी कड़ी में उन्होंने सतना से चित्रकूट होते हुए रामायण सर्किट को जोडऩे के %रामपथ गमन' प्रस्ताव पर अब तक की कार्यवाही की जानकारी मांगी।

### 84-कोसी परिक्रमा का भी उठाया मुद्दा

सांसद ने संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय की ओर प्रश्न करते हुए संस्कृति एवं पर्यटन विभाग से यह भी पूछा कि क्या चित्रकूट होते हुए 84-कोसी परिक्रमा पथ पर स्थित सभी तीर्थ स्थलों को रामायण सर्किट से जोडऩे की कोई योजना है? साथ ही उन्होंने चित्रकूट में एक समर्पित %रामायण संस्थान' की स्थापना पर विचार करने की मांग की, जिससे शोध, संस्कृति संरक्षण और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

# कैंसर शिविर में पहुंचे 60 मरीज

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 फरवरी. लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर आज दिनांक 4 फरवरी को सर्किट हाउस के पास स्थित स्टार सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में विशाल नि:शुल्क कैंसर परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन



मलिक रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी, जोन चेयरमैन लायन धर्मेंद्र सेन, लायन जसविंदर सिंह भाटिया %बब्बल% उपस्थित रहे। अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन शैलेन्द्र त्रिपाठी ने की। शिविर में यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, कैंसर सर्जन डॉ विनीत कुमार तिवारी, सहित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आयाचित केशरवानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दित्या केशरवानी, द्वारा मरीजों का परीक्षण कर नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

# मेडिकल कॉलेज में आपातकालीन देखभाल की कार्यशाला

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 4 फरवरी. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स के लिए आपातकालीन देखभाल एवं वीआईए विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना में संपन्न हुआ।**

इस प्रशिक्षण का संचालन महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा नोडल विभाग के रूप में किया गया। डॉ. अम्बरीष मिश्रा, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष,



सामुदायिक आयुर्विज्ञान विभाग, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रहे। कार्यक्रम के प्रभावी संचालन में मेडिसिन, शिशु रोग, एनेस्थीसिया, प्रसूति एवं स्त्री रोग तथा ऑर्थोपेडिक्स विभागों का महत्वपूर्ण अकादमिक एवं तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ। यह बहुविभागीय सहभागिता संस्थान की समन्वित कार्य संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के डीन डॉ. एस. पी. गर्ग का सतत मार्गदर्शन एवं पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके परिणामस्वरूप जनस्वास्थ्य उन्मुख इस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया गया।समापन सत्र में डीन डॉ. शशिधर प्रसाद गर्ग एवं एनएचएम पर्यवेक्षक श्रीमती आरती मिश्रा, प्राचार्य शासकीय नर्सिंग कॉलेज, सतना की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों वक्ताओं ने सीएचओ के क्षमता संवर्धन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक स्तर पर आपातकालीन सेवाओं तथा निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।